फाइल सं. 12016/19/2025-रा.भा.(का.2)

डॉ० निधि पाण्डेय, भा.प्र.से.
संयुक्त सचिव
Dr. Nidhi Pandey, IAS
Joint Secretary

2025 International Year of Cooperatives
Cooperatives Build a Better World

सत्यमेव जयते

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

भारत सरकार
राजभाषा विभाग
गृह मंत्रालय
नई दिल्ली —110001
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMRNT OF OFFICIAL LANGUAGE
MINISTRY OF HOME AFFAIRS
NEW DELHI - 110001

दिनांक- दिसंबर, 2025

महोदया/महोदय,

गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक एवं कानूनी उपबंधों का पालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से, अनेक महत्वपूर्ण उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है। इन्हीं उत्तरदायित्वों की एक कड़ी के रूप में विभाग द्वारा मध्य, पश्चिम, दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों (04 क्षेत्र) के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन शेरेटन ग्रैंड पैलेस (ओमेक्स सिटी-1), **इंदौर** में दिनांक **16 जनवरी, 2026** को किया जाना है।

2. सम्मेलन की अध्यक्षता माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री श्री नित्यानन्द राय जी द्वारा की जाएगी। । सम्मेलन में मंचासीन अतिथियों द्वारा उपरोक्त क्षेत्रों के वर्ष 2024-25 के क्षेत्रीय राजभाषा पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। उक्त सम्मेलन में मध्य, पश्चिम, दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों के केंद्र सरकार के कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों एवं नराकासों आदि के अधिकारीगण भाग लेंगे।

3. वर्तमान में पूरे देश में 565 नराकास कार्यरत हैं, जिनमें से उपरोक्त चारों क्षेत्रों में 264 नराकास गठित हैं । **मध्य, पश्चिम, दक्षिण व दक्षिण-पश्चिम क्षेत्रों** में गठित नराकासों के अध्यक्षों से अनुरोध है कि उक्त सम्मेलन में अपनी उपस्थिति अनिवार्य रूप से दर्ज करें। यह भी अपेक्षित है कि अधीनस्थ नराकासों के प्रत्येक सदस्य कार्यालयों से न्यूनतम 04 अधिकारियों/कर्मचारियों की सहभागिता भी सुनिश्चित करवाई जाए। सम्मेलन में शामिल होने के लिए विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in पर पंजीकरण करना अनिवार्य होगा।

शुभेच्छु,

16/12/25

**(डॉ. निधि पाण्डेय)**

**प्रति-**
**सम्बंधित नराकासों के अध्यक्ष**

एनडीसीसी–II भवन, चतुर्थ तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली–110001.
NDCC-II Building, 4th Floor, Jai Singh Road, New Delhi-110001
टेलीफैक्स (का.) / Telefax (O) : 011-23438130 ई–मेल / E-mail : jsol@nic.in